मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत अब आकाशगंगा के व्यवसायी भी मैदान में, सौंदर्यीकरण एवं विकास में निभाएंगे जिम्मेदारी, महापौर नीरज पाल एवं व्यवसायीयो के मध्य हुई सार्थक बैठक, कई बिंदुओं पर हुई चर्चा में बनी सहमति

भिलाई नगर/ मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत महापौर नीरज पाल लगातार शहर के प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक कर रहे हैं। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत इसकी अवधारणा से सभी को अवगत कराया जा रहा है। औद्योगिक जगत के मालिकों के साथ बैठक करने के बाद आज आकाशगंगा के व्यापारियों के साथ महापौर ने सार्थक चर्चा की। महापौर ने कहा कि शहर के विकास के लिए तथा इसकी सुंदरता को बनाए रखने के लिए आम नागरिकों से लेकर सभी की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि शहर की अधोसंरचना बहुत बेहतर है और इसमें सौंदर्यीकरण को लेकर बहुत से विकल्प हैं और संभवनाएं है जिसे मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत पूरा किया जा सकता है। उन्होंने आकाशगंगा के व्यापारियों से भी मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की। आकाश गंगा के व्यापारियों ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी से वाकिफ है और हर संभव प्रयास शहर की सुंदरता के लिए किया जाएगा। व्यापारियों ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर आकाशगंगा के पार्किंग स्थल को तैयार करेंगे , जिससे ट्रैफिक की समस्या दूर हो जाए। ठेले और गुमटियो को भी व्यवस्थित करने , आसपास के स्थलों में सजावटी पौधे लगाने , सुरक्षा गार्ड रखकर वाहनों को व्यवस्थित रखने, कचरा इधर उधर नही फेकने आदि पर सहमति जताई। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा कि भिलाई आपका अपना शहर है और अपने क्षेत्र को हम कैसे अच्छा बना सकते हैं , इस पर कार्य योजना तैयार कर इस पर अमल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले हमें पहल करनी होगी और यदि कोई दूसरा गलतियां करता है तो उसे टोकना भी होगा , आकाशगंगा एक अलग यूनिफार्म में नजर आए तो मार्केट क्षेत्र व्यवस्थित नजर आएगा। आकाशगंगा का क्षेत्र पूरे भिलाई के लिए उदाहरण बने ऐसी मंशा के साथ कार्य करना होगा। व्यापारियों ने इस पर सहमति जताई और प्लानिंग के साथ कार्य करने आश्वस्त किया। आकाशगंगा के व्यापारियों ने पृथक से एक महिला शौचालय की मांग भी की। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , आकाशगंगा व्यापारीयो में संतोष जैन, पीयूष, आतिश जैन, प्रवीण बोथरा, गिरीश सावलानी, वीरेंद्र जैन, मनोज जैन, एके वर्मा, एल एन पटनाकर, पंकज राठी राजेश, शैलेश, सजल जैन तथा निगम के जोन आयुक्त मनीष गायकवाड , सहायक अभियंता आलोक पसीने एवं विनीता वर्मा , उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं पुरुषोत्तम सिन्हा आदि मौजूद रहे।